दिनांक 06 फरवरी 2025, साइबर जागरूकता अभियान का कार्यक्रम

दिनांक 06 फरवरी 2025 को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल और मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में निर्भया फाउण्डेशन के सहयोग से पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में साइबर जागरूकता अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित प्रो. खेमसिंह डहेरिया, कुलगुरु, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल, श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल, श्री अक्षय वाजपेयी, साइबर विशेषज्ञ, प्रिया सिंधी, उपअधीक्षक पुलिस एवं श्री सौरभ खरे, समन्वयक एवं अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके पश्चात् मंच पर उपस्थित अतिथियों का पौधा, शॉल एवं श्रीफल से स्वागत हुआ।

बीज वक्तव्य से कार्यक्रम आरंभ करते हुए **श्री अक्षय वाजपेयी,** साइबर एक्सपर्ट ने अपने वक्तव्य में पासवर्ड सेव करने में सावधानी बरतने के साथ फर्जी वेबसाइट के जाल से बचने के तरीके बताएं। साथ ही एटीएम के प्रयोग में सतर्कता और गूगल–फेसबुक आदि के उपयोग में भी सजगता के साथ संचालित करने के लिए अपील की तथा **सुश्री प्रिया सिंधी,** उपअधीक्षक पुलिस ने सुरक्षा के लिए सावधानीपूर्वक एवं सतर्कता से सुरक्षित रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु **प्रो खेमसिंह डहेरिया** ने आगाह करते हुए कहा कि नई पीढ़ी के बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का प्रयास किया जाना चाहिए चूँकि मोबाइल द्वारा हो रहे क्राईम में कुछ हद तक बचा जा सके। **श्री शैलेंद्र जैन,** कुलसचिवके नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. झामलाल रसिया, डॉ. अमित सोनी, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ. पूनम सिमैया, डॉ. वंदना शर्मा के साथ विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के अंतर्गत पीपीटी का प्रेजेन्टेशन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ समन्वयक एवं प्रभारी यूजीसी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रैड रिबन क्लब प्रभारी श्री सौरभ खरे एवं योग विभाग की डॉ. नीलम सिंह का विशिष्ट योगदान रहा।